# मध्य प्रदेश ने नए टाइगर रिज़र्व में जाँच शुरू की

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने नव स्थापित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व में बाघों के कथित शिकार **और अनियमितताओं** की जाँच शुरू की है।

## प्रमुख बिंदु:

- **बाघ संरक्षण, बाघ सफारी और रिज़र्व में वन भूमि के प्रशासन के बारे में गंभीर लापरवाही की शिकायत** के बाद वन विभाग द्वारा यह जाँच शुरू की गई थी।
- **नौरादेही अभयारण्य** के बारा बीट क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर **अवैध रूप से वृक्षों की कटाई और लकड़ी का परिवहन** भी किया जा रहा है।

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व

- यह **राज्य का सातवाँ** और **भारत का 54वाँ बाघ अभयारण्य** है।
- यह **मध्य प्रदेश के सागर, दमोह और नरसिंहपुर ज़िलों** में 2,339 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।
- रिज़र्व का कुछ हिस्सा नर्मदा **और** यमुना नदी बेसिन के अंतर्गत आता है तथा **सिंगोरगढ़ किला** रिज़र्व के भीतर स्थित है।

## नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य

- नौरादेही अभयारण्य मध्य प्रदेश के **सागर ज़िले** में स्थित है।
- नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य को चीतों **के लिये सबसे उपयुक्त क्षेत्र पाया गया है**, क्योंकि ये वन इतने सघन नहीं हैं कि सबसे तेज़ गति से दौड़ने वाले स्थलीय जीव अर्थात् चीतों की तीव्र गति बाधित हो।
    - इसके अतिरिक्त, इस अभयारण्य में चीतों के लिये प्रचुर मात्रा में शिकार उपलब्ध है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से यह **मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है।**
- यह राज्य के मध्य में स्थित है और सागर, दमोह, नरसिंहपुर तथा रायसेन ज़िलों के कुछ हिस्सों को कवर करता है।
- यह संरक्षित क्षेत्र भारत की **दो प्रमुख नदी घाटियों,** नर्मदा **और** गंगा **के तट पर स्थित है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-launches-probe-in-new-tiger-reserve